# ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा कचरे का जल्द होगा निष्पादन : सीएमओ

## 35 वार्डों से रोजाना 30 टन से अधिक कचरा पहुंच रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड, 45 वाहनों से हो रहा डोर-टू-डोर कलेक्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर का दायरा पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र में 35 वार्ड और 25 हजार से अधिक मकान हैं। इन सभी वार्डों से नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। नगर पालिका का अमला करीब 45 कचरा वाहनों के साथ जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से प्रतिदिन 30 टन से अधिक कचरा एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचा रहा है। हालांकि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा निष्पादन की प्रक्रिया रुकने के कारण यहां बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो रहा है।

कचरा निष्पादन कार्य में आ रही समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि इसे शीघ्र दूर किया जाएगा। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार के अनुसार संबंधित कंपनी द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए गए हैं, जिसके कारण भुगतान प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। इस संबंध में कंपनी से चर्चा चल रही है और दस्तावेज प्राप्त होते ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर कचरा निष्पादन का कार्य शुरू कराया जाएगा।

शहर के विस्तार के साथ ही प्रतिदिन निकलने वाले कचरे की मात्रा भी बढ़ी है। नगर पालिका के सफाई अमले द्वारा शहर के सभी 35 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। करीब 45 कचरा वाहनों के माध्यम से घर-घर से कचरा एकत्रित किया जाता है। इसके अलावा जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से भी कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाता है। नगर पालिका के अनुसार प्रतिदिन 30 टन से अधिक कचरा शहर से एकत्रित होकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच रहा है। नियमित रूप से कचरा उठाने की व्यवस्था के बावजूद निष्पादन प्रक्रिया प्रभावित होने के कारण ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे का दबाव बढ़ रहा है।

**कंपनी के दस्तावेज का इंतजार, प्रक्रिया पूरी होते ही होगा भुगतानः** नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि कचरा निष्पादन से जुड़ी कंपनी के आवश्यक दस्तावेज अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है। जैसे ही आवश्यक दस्तावेज नगर पालिका को प्राप्त होंगे, भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दस्तावेज और संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा कचरे के निष्पादन का कार्य भी शीघ्र शुरू कराया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन का प्रयास है कि कचरे के निष्पादन की व्यवस्था नियमित रूप से संचालित हो और शहर में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो।



### कचरा निष्पादन शुरू होने से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कम होगा दबाव

वर्तमान में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था नियमित रूप से जारी है और शहर के विभिन्न वार्डों से प्रतिदिन एकत्रित कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा रहा है। अब कचरा निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर जमा कचरे का निपटारा किया जा सकेगा। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार कंपनी से दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया पूरी करने को लेकर लगातार चर्चा की जा रही है। दस्तावेज प्राप्त होने और भुगतान प्रक्रिया शुरू होने के बाद कचरा निष्पादन का काम शीघ्र आरंभ होने की उम्मीद है। इससे ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बढ़ रहे कचरे के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी गति मिलेगी।

### शहर को स्वच्छ रखने में नागरिकों की भी भूमिका जरूरी

सीएमओ सुधीर कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना केवल नगर पालिका के अमले की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक शहरवासी की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। घरों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कचरा वाहन में ही दिया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंका जाए तो शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में सेवा संकल्प अभियान भी तेजी से चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## खास-खबरें

### झूलती 11 केवी लाइन के खिलाफ किसानों का जल सत्याग्रह



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** विद्युत मंडल की झूलती 11 केवी विद्युत लाइनों और अधिकारियों की कथित लापरवाही के विरोध में किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। पिछले करीब दो माह से किसान अलग-अलग तरीकों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में किसानों ने नदी के पानी में खड़े होकर जल सत्याग्रह किया और विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में सीहोर जिले के करीब 25 गांवों के 500 से अधिक किसान शामिल बताए गए हैं। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मंत्रियों, कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है। किसानों का कहना है कि शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जिससे उनमें नाराजगी है।

### गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने दी लोकमंगल की आहुतियां



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** गायत्री परिवार द्वारा अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जवाहर रोड स्थित संदीप तिवारी के निवास पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने लोकमंगल, विश्व कल्याण और परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर ब्रह्मलीन स्वामी श्री सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की जन्मजयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2026 को माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत देशभर में घर-घर गायत्री यज्ञ, सामूहिक साधना, ज्योति कलश यात्रा, परिवार प्रबोधन, संस्कार निर्माण, व्यसनमुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### दो साल से अटकी आरटीई फीस प्रतिपूर्ति बजट के बावजूद भुगतान नहीं

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी अशासकीय विद्यालयों को मिलने वाली ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति राशि दो वर्षों से लंबित होने का मामला सामने आया है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 की प्रतिपूर्ति राशि कई पात्र निजी विद्यालयों को अब तक नहीं मिलने का दावा किया गया है। इसे लेकर सीहोर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय पटेल ने राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल को पत्र भेजकर विद्यालयवार समीक्षा और लंबित राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसके बदले शासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यालयों को फीस प्रतिपूर्ति राशि दी जाती है। भुगतान लंबित रहने से विद्यालयों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। शिक्षकों-कर्मचारियों के वेतन, भवन रखरखाव, बिजली बिल, शिक्षण सामग्री सहित अन्य खर्च विद्यालयों को अपने संसाधनों से उठाने पड़ रहे हैं। अजय पटेल ने विभागीय जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए करीब 500 करोड़ और वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 520 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान बताया गया है। इसके बावजूद पात्र विद्यालयों को भुगतान नहीं होने पर उन्होंने विभाग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

### श्रीद्वारकाधीश मंदिर से निकलेगा पुरातन विमान आज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय किलेअन्दर अवस्थित नगर-क्षेत्र के विशिष्ट आस्थाधाम भगवान श्रीद्वारकाधीश मंदिर का 200 वर्ष से अधिक प्राचीन नक्काशीदार पुरातन विमान आज 22 सितम्बर को सायंकाल 4 बजे मंदिर से वेत्रवती तट पर जल विहार हेतु पहुंचेगा। मंदिर में श्रीहरिरायजी के विमान को राजासाहब बड़ी हवेली वाले आकर ठाकुरजी को विमान से बाहर तक लाएंगे। पुरातन परम्परा अनुसार जब तक बड़ी हवेली के राजा साहब विमान को अपने हाथों से उठाकर मंदिर से बाहर लाकर कहारों को नहीं सौंपते तब तक विमान मंदिर से नहीं उठता है। तत्पश्चात बड़ी हवेली के साथ ठाकुरजी का विमान बजरिया-तोपपुरा होता हुआ वेत्रवती के बड़वाले घाट पर जल विहार हेतु पहुंचेगा, जहां श्रीराधिकाजी, श्रीकृष्ण तथा अग्रज बलराम जी सपत्नीक जल विहार करेंगे। उन्हें झूले भी झुलाया जाएगा। वहीं छोटे गणेशजी के विसर्जन के उपरांत आरती होगी तथा 200 वर्ष से अधिक प्राचीन नक्काशीदार विमान श्रीरामलीला, तोपपुरा, बजरिया, बड़ा बाजार, रायसेन गेट, पेढ़ी होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगा।

# 1.75 करोड़ से बने फल-सब्जी बाजार के विरोध में विक्रेताओं की हड़ताल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं और नगर परिषद के बीच विवाद सोमवार को सामने आया। सड़क किनारे हाथ ठेले लगाकर व्यापार करने की मांग को लेकर फल विक्रेताओं ने दुकानें बंद रखकर हड़ताल की। विक्रेताओं का कहना है कि सड़क किनारे व्यापार करने से अधिक ग्राहक मिलते हैं, जबकि नए बाजार में कारोबार प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं नगर परिषद का कहना है कि फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए करीब 1.75 करोड़ रुपये की लागत से 92 दुकानों वाला व्यवस्थित बाजार तैयार किया गया है। परिषद के अनुसार इसका उद्देश्य सभी विक्रेताओं को स्थायी और सुविधायुक्त व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराना है। ऐसे में मुख्य मार्ग पर ठेले लगाने की अनुमति देना यातायात और व्यापारिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। नगर परिषद के अनुसार पहले जनपद पंचायत के पीछे फल-सब्जी बाजार संचालित होता था। बाद में विक्रेताओं की सुविधा और ग्राहकों की पहुंच को देखते हुए मुख्य मार्ग के समीप नया बाजार विकसित किया गया। इसमें 92 दुकानों का निर्माण कराया गया है।

विक्रेता अदालत परिसर और इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे ठेले लगाने की मांग कर रहे हैं। परिषद का कहना है कि मुख्य मार्ग के दोनों ओर अधिकांश स्थानों पर स्थायी व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। ठेले लगाने से दुकानों के सामने आवागमन, पार्किंग और व्यापार प्रभावित होने के साथ जाम और दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि पहले अदालत परिसर और मुख्य मार्ग पर ठेले लगने से यातायात और न्यायालय के कामकाज में परेशानी होती थी। इसी समस्या के समाधान के लिए नया बाजार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए हैं, स्थायी व्यापार के लिए नहीं।

इधर, कुछ नागरिकों ने भी व्यवस्थित बाजार का उपयोग करने की बात कही है। उनका कहना है कि इससे विक्रेताओं को स्थायी स्थान मिलने के साथ शहर को जाम और अतिक्रमण से राहत मिल सकती है। फिलहाल फल विक्रेताओं की हड़ताल के बाद विवाद के समाधान को लेकर नगर परिषद और विक्रेताओं के बीच सहमति का इंतजार है।

# भाषण और चित्रकला में स्वाति और अक्षरा बनीं विजेता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मक और बौद्धिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमावि में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

संस्था के प्राचार्य डीसी सोनी एवं उपप्राचार्य सविता सोनी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। गतिविधि प्रभारी गोविंद सोनी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक पेंटिंग्स बनाईं, जिनकी विद्यालय परिसर में एक सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की स्वाति धनोतिया ने प्रथम, 9वीं की अंजलि ने द्वितीय और 10वीं की तनिष्का मालवीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की अक्षरा गोरसिया ने प्रथम, 10वीं की गुनगुन जोशी ने द्वितीय और 9वीं की वैष्णवी जाटव ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### आउटसोर्स कर्मचारी आज सौंपेंगे ज्ञापन

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों, अस्पतालों, निगम-मंडलों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर लामबंद होंगे। म.प्र. राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज 22 सितंबर मंगलवार को प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत शाजापुर में भी श्रम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संघ के शाजापुर जिलाध्यक्ष विजय राठौर ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को बिना किसी कारण या पूर्व नोटिस के नौकरी से निकालने की व्यवस्था पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। इसके खिलाफ और एक ठोस सेवा सुरक्षा नीतिश् बनाने की मांग को लेकर दोपहर 1.30 बजे टंकी चौराहा से एक रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धोबी चौराहा स्थित श्रम कार्यालय पहुंचेगी, जहां अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सीईओ ने झालरिया मठ, कर्कराज पार्किंग और रेप्टाइल पार्क का किया निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा जैन ने सोमवार को झालरिया मठ, कर्कराज पार्किंग और रेप्टाइल पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

झालरिया मठ के निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी मिलने पर सीईओ ने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी श्री निवासा पावर सॉल्यूशन को कार्य में तेजी लाने तथा पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शौचालय निर्माण की गुणवत्ता की जांच और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी टीम को निर्देशित किया गया। उपयंत्री आशुतोष पांडेय को कार्य की दैनिक प्रगति का जेएमआर (ज्वाइंट मेजरमेंट रिकॉर्ड) नियमित रूप से तैयार करने को कहा गया। कर्कराज पार्किंग के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। सीईओ ने बाउंड्रीवॉल का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को दिए।



रेप्टाइल पार्क में उन्होंने पूरी परियोजना की प्रगति और विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली। स्थल निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। उन्होंने शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत संचालित सभी निर्माण कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाए। साथ ही परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी की तकनीकी टीम और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मंदिर से प्रसादी लेकर निकल रहे श्रद्धालुओं को कार ने मारी टक्कर, बच्ची समेत 7 घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के सुपरा गांव में रविवार रात मंदिर के बाहर तेज रफ्तार कार ने प्रसादी लेकर निकल रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। हादसे में 6 महिलाएं और 13 साल की एक बच्ची घायल हो गई। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़कर खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने कार में भी तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया।

हादसा इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर के पास रविवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। बताया गया कि मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापना के बाद आरती और प्रसादी का कार्यक्रम चल रहा था। कुछ लोग मंदिर परिसर के बाहर मौजूद थे। इसी दौरान तेज रफ्तार काले रंग की कार आरजे 45 सीएस 0432 अचानक वहां पहुंची और बाहर निकल रही महिलाओं व बच्ची को चपेट में ले लिया।

**7 घायलों में 4 गंभीरः** हादसे में सन्ना बाई ओंठ (36), रुकमणी बाई ओंठ (37), दुर्गा ओंठ (13), लाली बाई ओंठ (55), गीताबाई मेघवाल (55) और श्यामा बाई ओंठ (45), सभी निवासी सुपरा और भगवान्ता बाई ओंठ (38) निवासी भंवरासा (मायके सुपरा आई थी) घायल हुए हैं। एक महिला के दोनों पैरों में गंभीर चोट बताई गई है, जबकि अन्य घायलों को भी सिर, पैर और शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आई हैं। घायलों को डायल-112 की मदद से पहले पिपलियामंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मंदसौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात करीब 1 बजे घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

**हादसे के बाद चालक को खंभे से बांधाः** टक्कर के बाद ग्रामीणों ने कार को घेर लिया और चालक को वाहन से बाहर निकाल लिया। इसके बाद कुछ लोगों ने उसे पास के बिजली के खंभे से बांधकर पीटा। आक्रोशित लोगों ने कार में भी तोड़फोड़ कर दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चालक को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर हिरासत में लिया।

### संत हिरदाराम की 121वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में संत हिरदारामजी की 121वीं जयंती एवं विश्व शांति दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत हिरदारामजी के जीवन, व्यक्तित्व और समाजसेवा पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। उन्होंने संत हिरदारामजी के जीवन और उनके सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सुनील बाबू पिंगले ने संत हिरदारामजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें महान संत बताया। उन्होंने कहा कि संत हिरदारामजी के जीवन और सेवा कार्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कैलाश नामदेव, मोहन सैनी और बलराम सिंह दांगी ने भी अपने विचार रखे।

# मिश्र तालाब की सफाई का संकल्प 15 दिन से जुटे मिर्धा और भदौरिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** शहर के बीच स्थित प्रसिद्ध मिश्र तालाब की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदीप मिर्धा और दीपक भदौरिया ने पहल की है। दोनों ने तालाब की पूरी सफाई करने का संकल्प लिया है। 6 सितंबर से शुरू हुआ सफाई अभियान सोमवार को 15वें दिन भी जारी रहा।

प्रदीप मिर्धा ने बताया कि मिश्र तालाब की साफ-सफाई को लेकर कई बार जनसुनवाई में नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ सहित संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिए गए। पिछले कई वर्षों से तालाब की सफाई की मांग की जा रही है, लेकिन अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद उन्होंने स्वयं तालाब की सफाई करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि मिश्र तालाब शहर के बीच स्थित होने के साथ धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहां समय-समय पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। तालाब में गंदगी होने से श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों को परेशानी होती है।



प्रदीप मिर्धा और दीपक भदौरिया ने कहा कि जब तक तालाब की पूरी तरह सफाई नहीं हो जाती, तब तक अभियान जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से भी तालाब को स्वच्छ रखने और उसमें कचरा नहीं डालने की अपील की है।

# लंबित आवेदनों के निराकरण में समय-सीमा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : कलेक्टर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक में जिले में लंबित आवेदनों के निराकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अभियानों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों पर की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित दिवसों एवं तिथियों के अनुसार अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन महत्वपूर्ण अभियानों के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर चूक ना हो तथा निर्धारित अवधि में संबंधित प्रकरणों एवं कार्यों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों से संबंधित प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने चाहिए।

### चौरावर पहुंच मार्ग पर असामाजिक गतिविधियां बढ़ीं

**गंजबासौदा।** चौरावर पहुंच मार्ग सहित शहर से गांवों को जोड़ने वाले कई मार्गों पर शाम के समय असामाजिक गतिविधियां बढ़ने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर और शाम के समय कुछ स्थानों पर नशे में लोगों के जमावड़े की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे जगह-जगह खाली बोतलें और गिलास पड़े दिखाई देते हैं। नागरिकों के अनुसार ऐसे स्थानों से गुजरने वाले राहगीरों को कई बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि सड़क किनारे जमा कुछ लोग राहगीरों को रोककर बातचीत करने या मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देने के लिए दबाव बनाते हैं।

# फलदार पौधों में बडिंग व ग्राफ्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** कृषि विज्ञान केंद्र, रायसेन में फलदार पौधों में बडिंग एवं ग्राफ्टिंग तकनीक को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी अनुसंधान संस्थान लखनऊ, केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर एवं कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्रशिक्षण में डॉ. एसआर सिंह ने बडिंग एवं ग्राफ्टिंग की विभिन्न विधियों की जानकारी दी। उन्होंने इनार्चिंग और विप ग्राफ्टिंग के बारे में बताया। यह तकनीक आम और अमरूद के लिए उपयोगी है तथा जुलाई से सितंबर तक ग्राफ्टिंग के लिए उपयुक्त समय बताया गया। टी-बडिंग और पैच-बडिंग की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह विधियां नींबू, बेल और गुलाब के लिए उपयोगी हैं।



डॉ. सुदर्शन मौर्य ने सब्जियों में डंपिंग ऑफ, पाउडरी मिल्ड्यू, अर्ली ब्लाइट, लेट ब्लाइट जैसे रोगों और माहू सहित रस चूसक कीटों के नियंत्रण की जानकारी दी। उन्होंने कीटनाशकों के डिब्बों पर बने रंगीन चेतावनी संकेतों के आधार पर उनकी विषाक्तता समझने की जानकारी भी दी।

डॉ. केपी सिंह ने शुष्क क्षेत्रों में फल उत्पादन की तकनीक और विभिन्न फलदार फसलों की उन्नत किस्मों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आम और अमरूद में विप ग्राफ्टिंग का प्रायोगिक प्रदर्शन कराया गया। नर्सरी प्रबंधन के तहत उठी हुई क्यारियों में ट्राइकोडर्मा से बीज उपचार और बुवाई की प्रक्रिया भी बताई गई।

कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए चना, मसूर और चिया की खेती सहित फसलों के संबंध में समसामयिक सलाह दी गई। प्रशिक्षण में सिलवानी, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज और बाड़ी विकासखंड के 28 चयनित किसानों ने भाग लिया। किसानों को किचन गार्डन पैकेट और विभिन्न उन्नत किस्मों के प्रदर्शन किट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वप्निल दुबे और आभार डॉ. मुकुल कुमार ने माना।